
दिल्ली प्रिंटर्स एसोसिएशन
DELHI PRINTERS' ASSOCIATION
ESTD : 1954
मासिक
समाचार पत्रिका
संपादक : एच. एल. खन्ना    केवल सदस्यों के लिए निःशुल्क वितरण हेतु    अंकः अगस्त 2018, मुद्रणः 30 अगस्त 2018

## आल इंडिया फेडरेशन ऑफ मास्टर प्रिंटर्स की

# कार्यकारिणी हेतु डीपीए के उम्मीदवार




उपाध्यक्ष (उत्तर) पद के लिए
**श्री सुनील जैन**



कोषाध्यक्ष पद के लिए
**श्री राजेश सरदाना**

जैसा कि आप जानते हैं कि वर्ष 2018-19 लिए आल इंडिया फेडरेशन ऑफ मास्टर प्रिंटर्स की कार्यकारिणी के चुनाव दिल्ली में 30 सितम्बर 2018 को होने जा रहे हैं। भारत की प्रिटिंग इंडस्ट्री के विकास और प्रिंटर्स बिरादरी की समस्याओं के हल के लिए दिल्ली प्रिंटर्स एसोसिएशन ने अपने पूर्व अध्यक्ष श्री सुनील जैन को संस्था के उपाध्यक्ष पद (उत्तर क्षेत्र) और अध्यक्ष श्री राजेश सरदाना को कोषाध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार बनाया है। दिल्ली प्रिंटर्स एसोसिएशन संबंधित साथियों से अपील करती है कि अपने उम्मीदवारों को बहुमूल्य वोट के लिए समर्थन जुटाने का प्रयास करें।

First choice of Printing Machine Manufacturers
Up to 60% cost reduction with Busch Merlin Dry Rotary Claw Vacuum Pump


Busch Vacuum India Pvt Ltd.
Plot No.: 102-103, | Sector 5 | IMT Manesar | Gurgaon (Haryana) 122 050 | India
Phone: +91-9711991473 | sales@buschindia.com
www.buschindia.com
BUSCH
Vacuum Pumps and Systems

ESTD : 1954

President
**Mr. Rajesh Sardana**
98100-31996

Imm. Past President
**Mr. Rajiv Gupta**
98117-01764

Vice-presidents
**Mr. Ajay Sharma**
8178429924

**Mr. Meghraj Bhati**
98103-52633

**Mr. Prakash Dass**
98187-24948

Hon. General Secretary
**Mr. Mahinder Budhiraja**
93122-41788

Joint-secretaries
**Mr. Atul Goel**
98100-03943

**Mr. Puneet Talwar**
98110-81291

Treasurer
**Mr. Kewal Krishan Singhal**
98111-15945

Executive Members
Mr. Ashok Aggarwal
Mr. Ashok Kumar Nandra
Mr. D. K. Vohra
Mr. Deepak Bhatia
Mr. M. N. Pandey
Mr. Mohd Mustaqeem
Mr. P. K. Chauhan
Mr. P. N. Kapur
Mr. Prashant Aggarwal
Mr. Prabir Kumar Mukherjee
Mr. Raghu Nandan Sharma
Mr. Sandeep Aggarwal
Mr. Sanjay Sharma
Mr. Shiv Mittal
Mr. Simranjot Singh Bhatia
Mr. Sunil Jain
Mr. Vijay Goel
Mr. Vijay Jain
Mr. Vikas Gaur
Mr. Vivek Jain

Executive Secretary
**H.L. Khanna**
9958043222


**Delhi Printers' Association**
Flat No. 26A,
Shanker Market,
New Delhi-110001
Tel. : 011-23414415
Telefax : 011-23412574
Email : delhiprinter@hotmail.com

# APPEAL FOR VOTE AND SUPPORT

You are undoubtedly aware that the Election of AIFMP Office Bearers for the year 2018-2019 will be held in Delhi on September 30, 2018. For the Progress, Growth an Empowerment of the Printing Industry as well as upliftment of the trade of our printing fraternity across the country, Delhi Printers' Association has fielded its following reliable and enterprising candidates –



For Vice-President (North)
Mr. Sunil Jain



For Hon. Treasurer
Mr. Rajesh Sardana

Though youthful, Mr. Sunil Jain is a known and old GC Member representing DPA at almost all the GC meetings held in the recent past. The sky is no limit for this enthusiastic and energetic entrepreneur. After graduating from Delhi University and learning the use of ultra modern print technologies, he has been successfully running his family's press Graphic Print for several years. Due to his passion for achieving goals, he has not only served DPA as Treasurer, Hon. General Secretary, Vice-President and President, but has actively and diligently shouldered the responsibility of organising prestigious events of the association from time to time.

Mr. Rajesh Sardana defies age with his progressive ideas and modern outlook towards society and the print trade. A shining graduate from Delhi University, he joined The Cambridge Press – one of the oldest printing units of 1920s. Not only a voracious globe-trotter, an avid vintage car collector and a rare bird photographer, Mr. Sardana is also a Rotarian and an educationalist. Besides, as President of Delhi Printers' Association since April 2018, he outshone his talent for accounts when he was elected as Federation's Treasurer for the 2013-14 term. His honest and forthright demeanour earned him the image of a trouble-shooter in AIFMP and brought a good name for DPA. Thus for the apex body he is already a worthy old hat.

On the basis of their professional aptitude and long experience, DPA has reposed its full faith and confidence in the capable candidature of Mr. Sunil Jain and Mr. Rajesh Sardana. Delhi Printers' Association earnestly appeals to you to bless its candidates by giving them your gracious support and precious vote.

With warmest regards,

**DELHI PRINTERS' ASSOCIATION**

## वर्ष 2018–2019 के वार्षिक शुल्क के लिए सदस्यों से अनुरोध

जिन सदस्यों ने अपना वर्ष 2018–2019 का वार्षिक शुल्क अभी तक नहीं भेजा है उन्हें याद दिलाया जा रहा है कि अपना शुल्क स्वयं/कोरियर/डाक द्वारा शीघ्रअतिशीघ्र भेजने की कृपा करें। कुछ सदस्य ऐसे भी हैं जिनका वार्षिक शुल्क 2017–2018 का भी नहीं आया है, उन्हें फिर याद दिलाया जाता है कि लगातार दो वर्ष तक वार्षिक शुल्क न आने पर एसोसिएशन की सदस्यता स्वयं समाप्त हो जाती है।

यदि आप वार्षिक चंदा बैंक में सीधे जमा करना चाहते हैं तो संस्था के निम्नलिखित दो बैंक खातों में से किसी में भी जमा करवा सकते हैं तथा जमा करने के बाद संस्था को सूचित कर दें। बैंक का विवरण इस प्रकार है।

Delhi Prnters' Association
Current A/c No. 0050231000001
IFSC Code-HDFC0CTJCBL
Bank Name-The Janata
Co-Operative Bank Ltd.
नोट:– कृपया HDFC खाता धारक उपरोक्त बैंक खाते में शुल्क जमा न करें।


Delhi Prnters' Association
Saving A/c No. 90042010031370
IFSC Code-SYNB0009004
Bank Name - Syndicate Bank

Printing, Processing and Binding Sponsored by

**CAMBRIDGE PRESS**

**1/1268, Bara Bazar, Kashmiri Gate, Delhi-110006**
**Phone : 9810031996**
**Email:-cambridgepress@gmail.com**

# अध्यक्ष की कलम से



कुछ अन्य उद्योगों की भांति दिल्ली में पौल्यूशन, मिनिमम वेज तथा रीलोकेशन ऑफ इन्डस्ट्रीज के तहत सीलिंग की कार्यवाही जारी रहने से रेजिडेंशल इलाकों में चल रही मुद्रण इकाइयाँ गंभीर रूप से प्रभावित हुई हैं।

पौल्यूशन से सम्बंधित समस्याओं के समाधान के लिए डी.पी.ए. का एक प्रतिनिधि मंडल डी.पी.सी.सी. के मैम्बर सैक्रेटरी एस. एम. अली से पिछले माह मिला था। कन्सैंट टू आपरेट सर्टिफिकेट के नवीनीकरण में आने वाली समस्या के विषय में मैम्बर सैक्रेटरी ने बताया कि डी.पी.सी.सी. ने ऑनलाइन नवीनीकरण को सुचारू बनाने के लिए एक साफ्टवेयर विकसित किया है जो शीघ्र ही काम करने लगेगा। मुद्रकों द्वारा 2004 से ड्रम में एकत्रित रोलर से कपड़े द्वारा पोंछी गयी स्याही, जिसे तथाकथित 'हज़ार्डस वेस्ट' कहा जाता है, के डिस्पोज़ल की समस्या के विषय में प्रतिनिधि मंडल को बताया गया कि इस वेस्ट को जला कर राख करने के लिए डी.पी.सी.सी. ने बवाना में एक साइट चुनी है जो वर्ष के अन्त तक बनकर कार्य शुरु कर देगी।

वर्ष 2016 में दिल्ली सरकार द्वारा सभी कर्मचारियों के लिए एकमुश्त 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ाए गए वेतनमानों के खिलाफ़ विभिन्न उद्योगों की एसोसिएशनों ने दिल्ली हाई कोर्ट में केस दायर करा था। जिसका फैसला 4 अगस्त को देते हुए कोर्ट ने कहा कि संविधान के तहत दिल्ली सरकार को नोटिफिकेशन जारी करके वेज बढ़ाने का अधिकार नहीं है। अतः जहाँ एक ओर पुराने वेतनमान लागू रहेंगे, वहीं बढ़ाकर दिए गए वेतन को वापिस नहीं माँगा जा सकेगा। अब सरकार हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने जा सकती है।

दिल्ली के रिहायशी एवं नॉन-कंफोर्मिंग इलाकों में चलने वाले उद्योगों के लिए सीलिंग होने अथवा सीलिंग के नोटिस मिलने की गंभीर समस्या चल रही है और इससे बचने का कोई ठोस रास्ता नज़र नहीं आ रहा है। डी.पी.ए. ने 7 मई 2004 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आधार पर, जिसमें कहा गया था कि दिल्ली में 1 अगस्त, 1990 तथा उसके बाद से इन इलाकों में चालू होने वाली सभी इकाइयों को बन्द कर दिया जाए, विशिष्ट वकीलों से सलाह की थी कि क्या जिन इकाइयों को हाल ही में बन्द किए जाने वाले नोटिस मिले हैं वे इस फैसले के आधार पर जवाब भेज कर सीलिंग से बच सकते हैं। वकीलों के आश्वासन दिए जाने के बाद डी.पी.ए. द्वारा सभी सदस्यों को सर्कुलर भेज कर पूछा गया है कि क्या उन्हें सीलिंग का नोटिस मिला है तथा क्या वे इन वकीलों द्वारा इस नोटिस का उचित जवाब भिजवाना चाहेंगे। अब सदस्यों द्वारा मिलने वाले उत्तर के आधार पर ही डी.पी.ए. अगला कदम उठाएगी।

**-राजेश सरदाना**
**अध्यक्ष**

# महासचिव की कलम से



यद्यपि हम सभी उद्यमी अपने-अपने व्यापार को सुचारू रूप से चलाने तथा अधिक से अधिक लाभकारी बनाने के लिए प्रयासरत् रहते हैं किन्तु यदि हम कुछ विशेष बातों को अपनी कार्य-प्रणाली में शामिल कर लें तो हम अधिक सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

सबसे पहले हमें सुनिश्चित करना होगा कि हमारे उद्यम का सम्पूर्ण कार्यक्षेत्र स्वच्छ एवं स्वास्थ्यवर्धक है जहाँ पर्याप्त हवा तथा प्रकाश उपलब्ध है। ऐसा वातावरण सभी कर्मचारियों की सेहत को ठीक रखेगा ताकि वे स्वस्थ रहकर बेहतर तथा अधिक कार्य कर पायें। अति आवश्यक है कि यथा सम्भव हमें अपने संस्थान में नवीनतम् मशीनें लगाने का प्रयास करना चाहिए। साथ ही स्टाफ के सीनियर कर्मचारियों को समय-समय पर उद्योग में आए नवीनतम् तकनीकी विकास का प्रशिक्षण देते रहना गुणवत्ता बढ़ाने में अत्यन्त आवश्यक रहता है। चूँकि युवा वर्ग के कर्मचारी नई तकनीक ग्रहण करने में तेज़ होते हैं मालिकों को चाहिए कि वे नई भरती करते समय प्रशिक्षित कर्मचारी के साथ केवल कमप्यूटर चलाने का ज्ञान रखने वाले शिक्षित युवा व्यक्तियों को भी अवसर दें ताकि उन्हें अपने प्रैस में उचित रूप से ढाल कर आवश्यकता अनुसार योग्य बनाया जा सके। यदि हम अपने सभी कर्मचारियों के साथ समान रूप का आदरपूर्ण व्यवहार रखेंगे तो वे खुश रहेंगे व दिल लगाकर अच्छे से अच्छा काम करेंगे। इसी प्रकार सरकार के लेबर कानून के मुताबिक हमें कमचारियों को डयूटी के बाद किए गये घंटों के अनुसार ओवर-टाईम देना चाहिए। यदि किसी कर्मचारी ने छपाई में जाने वाली किसी गलती की ओर ध्यान दिला कर भारी नुकसान से बचाया है तो उसे उचित इनाम देकर खुश करना चाहिए ताकि दूसरे कर्मचारी भी सजग रहकर कार्य करें।

उद्यमियों को आज के तीव्र स्पर्धापूर्वक वातावरण में कम से कम खर्च में अच्छी से अच्छी क्वालिटी की छपाई करके अपने ग्राहक को प्रसन्न रखना होगा। इसके लिए उत्तम से उत्तम स्तर का कागज़ एवं स्याही लगाकर अपने प्रैस के ऊँचे स्तर को बरकरार रखते हुई छपाई की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करना चाहिए। इस प्रकार के उच्च स्तर के कार्य के आधार पर बाज़ार में आपके मुद्रणालय का नाम अच्छी छपाई के लिए लिया जाएगा और आपके पास उच्च स्तरीय छपाई चाहने वाले ग्राहक ही आएंगे और आप अच्छा रेट माँग कर अधिक लाभ कमा सकेंगे। साथ ही आपको भी ग्राहक चुनने में स्वतन्त्रता होगी और आप छोटे-छोटे ग्राहकों के स्थान पर भरोसेमंद तथा प्रसिद्ध बड़े ग्राहकों का काम करके उचित लाभ कमा सकेंगे। ऐसी स्थिति तथा नाम कमाने के लिए हम सभी को ग्राहक द्वारा माँगे हुए समय पर बढ़िया से बढ़िया गुणवत्ता वाला माल भेजना होगा।

**-महिन्द्र बुद्धिराजा**
**महासचिव**


# M.K.TRADING COMPANY



Deals in :
All Kinds of Offset Printing Material
& Book Binding Material

*Authorised Distributor*
SAKATA INX INDIA PVT. LTD.
TOYO INK INDIA PVT. LTD.

C-4/15, Ground Floor, Krishna Nagar, Delhi-51
Ph.: 011-22093611, M.: 9873362611
Email : mktradngco@gmail.com

# साइन इंडिया 2018: दिल्ली में एक और कामयाब प्रदर्शिनी












भारत की सबसे तेजी से बढ़ती साइन एक्सपो प्रदर्शिनी दिल्ली के प्रगति मैदान में 20 से 22 जुलाई तक शानदार तरीके से सम्पन्न हुई। इस प्रदर्शिनी की कामयाबी का अनुमान इससे लगाया जा सकता है कि तीन दिनों में 10,650 से अधिक दर्शकों ने इस प्रदर्शिनी को देखा। प्रदर्शिनी में भाग लेने वालों ने ऑन द स्पॉट कारोबार किया और मार्केटिंग के नए रास्ते खुले। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 97 प्रतिशत प्रदर्शिनी में भाग लेने वालों को उनको आशानुरूप व्यापार मिला। 97 प्रतिशत दर्शकों के स्तर और गुणवत्ता से संतुष्टि हुए। आयोजकों के कुल परफोरमेंस से 98 प्रतिशत को संतुष्टि मिली। 99 प्रतिशत प्रदर्शकों ने अपनी भागीदारी को सफल बताया। 96 प्रतिशत प्रदर्शकों ने दोबारा अगली प्रदर्शिनी में हिस्सा लेने की इच्छा जताई।

साइन इंडिया 2018 में नए प्रॉडक्ट लांच किए गए, ब्रांड के प्रति जागरूकता बढ़ाई और इन सबसे महत्वपूर्ण बात यह हुई कि भारत में तेजी से वृद्धि करने वाले साइनेज उद्योग में अंतरराष्ट्रीय ब्रांड के उत्पादों ने हिस्सा लिया, जिनमें प्रमुख ब्रांड इस प्रकार हैं, एचपी, कलरजेट, मिमाकी, रोलैंड, इपसन, मतोह, स्टार फ्लेक्स, केनन, अभिकृति, डिजी-सॉफ्ट ऐस इंफोटेक्स, अक्षर साइन टेक्नॉलाजी, अमन एडवरटाइजिंग, एरो मल्टी मीडिया जैसी बहुत सी कम्पनियों ने प्रदर्शक की हैसियत से हिस्सा लिया।


**NARSINGH & COMPANY**
HO: 2241/36, 1st Floor, Kucha Challan,
Daryaganj, New Delhi -110002
Phone: 011-23280705, 23269068
Mobile No: 9313515899, 9650453034,
7838671806, 9555707274
Email: narsinghgraphic@hotmail.com;
sagar.screen147@gmail.com

**SAGAR SCREEN**
HO: 3601, Gali Hakim Bua wali,
Shyam Bhawan, Netaji Subhash Marg,
Daryaganj, New Delhi -110002
Phone: 011-23265826, 23269068
Mobile No: 7838671806, 9555707274,
9313515899, 9650453034,
Email: sagar.screen147@gmail.com

**KHUSHI RAM & SONS**
G-147 (Basement), Sector-63, Noida -201301
(U.P.)Phone: 0120-2406271 / 72
Mob: 9313515899, 7838671806, 8076993759
Email: khushiramsons148@gmail.com:
narsinghgraphic@hotmail.com;
sagar.screen147@gmail.com

BO: 1/11287A, Street No. 1, Subhash Park, Near Namkeen Chowk, Navin Shahdara, Delhi -32, Ph:9313515899, 7838671806, 9971685304

**AUTHORIZED DEALER :** Hubergroup India Pvt. Ltd., Siegwerk India Pvt. Ltd, Zenith Rubber Limited, Fujikura Rubber, Blankets, KRS Royal Green Blankets, Technova Inkjet Media, Technova Plates & Chemicals. **STOCKIST:** Damping Hose, Glass Balls, KRS Royal Green Blankets, Rubber Blankets (Fujikura, Cow & Valcon Reavees, Sawa, etc), Loyee, Graphic Art Films (Fuji)Tapes (Panfix, Comat, Classic) Arabic Gum & Machine Gum and other offset processing & Printing materials, STC Chemicals, Carbon Rod, Astolen Sheet, etc.

# शतप्रतिशत टेक्नीकल एजुकेशन के साथ

## प्रेसमैन और आइडियलियांस साउथ एशिया द्वारा एक दिवसीय सेमीनार









4 अगस्त को प्रिंटिंग इंडस्ट्री की विख्यात संस्थाओं द्वारा दिल्ली में मालवीय स्मृति भवन में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। यह सेमिनार प्रेसमैन सोलुशन द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें निर्णायक हैसियत रखने वाले लोगों की सफलता की कथाएं भी बताई गईं थी। इस कार्यक्रम को दिल्ली प्रिंटर्स एसोसिएशन और इपामा ने सपोर्ट किया। डीपीए के पूर्व अध्यक्ष श्री सुनील जेन, इपामा के मानद महासचिव श्री नवीन गुप्ता और हिमाचल प्रदेश प्रिंटर्स एसोएिशन के अध्यक्ष श्री विक्रम बिंदल ने विशेषज्ञ वक्ताओं के साथ इस सेमीनार का उद्घाटन किया।

इस सेमीनार में प्रिंटिंग इंडस्ट्री में काम करने वालों को भलिभांति उचित ट्रेनिंग देने पर जोर दिया गया। प्रेसमैन सोलुशन के के. पैंथनसेल्वन ने प्रथम सत्र संबोधित करते हुए प्रेस रूम स्टेंड्रडाइजेशन का परिचय कराया और कहा कि यह क्वालिटी प्रिटिंग के लिए एक जरूरी प्रक्रिया है।

दूसरा सत्र प्रोविन टेक्नोस के एम. मदन कुमार ने संबोधित किया। उन्होंने प्रेस के संचालन के बारे में बताया। तीसरा सत्र टेक्नोवा इमेजिंग के डिप्टी जनरल मैनेजर मिलिंद काले ने संबोधित किया। प्रिटिंग प्रोसेस में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स के बारे में उन्होंने जानकारी दी केमिस्ट्री का प्रिटिंग प्रेस में प्रयोग करने का बुनियादी गुण क्या है-इसका उत्तर उन्होंने विस्तार से दिया। केमिकल इंजीनियर रण विक्रम सिंह ने चौथे सत्र को संबोधित किया।

हर सत्र के बाद सवाल-जवाब का सिलसिला भी चला। प्रेसमैन अकेडमी इसी तरह के सेमीनार आने वाले महीनो में भी आयोजित करेगी।

इस सेमीनार की खास विशेषता यह है कि 40 दर्शकों को सीमित करते हुए एक दिन में 4 विषयों पर 4 विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा आधुनिक प्रिंटिंग की समस्याओं और समाधानों को प्रस्तुत किया जाता है।


# जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं




Mr. Prakash Dass, Vice-President of Delhi Printers Association and owner of Dass Printers on August 15




Mr. Prashant Aggarwal, Executive Committee Member and owner of Sadhana Enterprises on August 18




Mr. Ashok Kumar Nandra, Executive Committee Member and owner of Vipan Packers on August 26.



### बवाना इंडस्ट्रियल एरिया के फैक्ट्री मालिकों से डीएसआईआईडीसी ने पूछा

# क्यों न कर दी जाए लीज कैंसल

## सरकार ने कहा, नहीं होने देंगे लीज खत्म

बवाना इंडस्ट्रील एरिया में करीब 11 हजार फैक्ट्रियों को लीज कैंसल करने का नोटिस मिलने के बाद फैक्ट्री मालिकों ने गुरुवार को उद्योग मंत्री सत्येंद्र जैन से मुलाकात की। दिल्ली स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट कॉरपोरेशन (डीएसआईआईडीसी) ने बवाना की 11 हजार फैक्ट्रियों को नोटिस भेजा है। उद्योग मंत्री ने बवाना करोबारियों को भरोसा दिलाया है कि दिल्ली सरकार बवाना में उनकी लीज कैंसल नहीं होने देगी।




आप ट्रेड विंग के कन्वीनर बृजेश गोयल के नेतृत्व में बवाना के फैक्ट्री मालिकों की उद्योग मंत्री सत्येन्द्र जैन से मीटिंग हुई। मंत्री ने कहा कि सरकार फैक्ट्री मालिकों की मदद के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगी। उद्योग मंत्री ने अगले मंगलवार को फिर से बवाना के फैक्ट्री मालिकों को बुलाया है और इस दिन फैक्ट्री को फ्री होल्ड के मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में शामिल राजीव गोयल और संदीप बंसल ने बताया कि डीएसआईआईडीसी की तरफ से पांच तरह के नोटिस भेजे गए हैं।

एक तरह के नोटिस में पूछा गया है कि फैक्ट्री जिस व्यक्ति के नाम आवंटित की गई थी, उसने यह किसी और को बेच दी, ऐसे में क्यों न इस फैक्ट्री की लीज कैंसल कर दी जाए। बाकी के चार प्रकार के नोटिसों में किसी को

किराए पर देने के लिए, किसी को नॉन ऑपरेशनल बिल्डिंग के लिए आदि के संबंध में जवाब मांगा गया है। उनका कहना है कि बवाना में जिन फैक्ट्रियों को बसाया गया था, उन्हें मालिकाना हक नहीं दिया गया था। फैक्ट्रियां लीज पर दी गई है, जबकि दूसरे इंडिस्ट्रीयल एरिया में फ्री होल्ड कर मालिकाना हक दिया गया है। मास्टर प्लान 2021 की बात करें तो उसमें कई तरह के प्रावधान सुझाए गए हैं, जिसमें अलॉटी किसी के नाम पर फैक्ट्री ट्रांसफर कर सकता है या बेच सकता है। बवाना के फैक्ट्री वालों को कई वर्षों से फ्री होल्ड का इंतजार है। 2004 में शीला सरकार के सामने फैक्ट्री वालों ने समस्या उठाई थीं और सभी फैक्ट्रियों को फ्री होल्ड करने की मांग की थी। तत्कालीन उद्योग मंत्री ने सभी फैक्ट्रियों को फ्री होल्ड करने का वादा किया था, लेकिन 14 साल बाद भी हालात जस के तस है।

नवभारत टाइम्स से साभार

24 अगस्त 2018

बवाना इंडस्ट्रियल एरिया के हजारों फैक्ट्री वाले टेंशन में हैं। वजह है कि डीएसआईआईडीसी द्वारा भेजे गए नोटिस-फैक्ट्री वालों से पूछा गया है कि क्यों न आपकी फैक्ट्री की लीज कैंसल कर दी जाए? बवाना इंडस्ट्रियल एरिया में 16 हजार से ज्यादा फैक्ट्रियां हैं, जिनमें से लगभग 11 हजार को ऐसे नोटिस भेजे गए हैं। लगभग 70 प्रतिशत फैक्ट्री वालो की रोजी-रोटी पर संकट आ चुका है। फैक्ट्री वालों की नींद उड़ी हुई है।

कन्फ्रेंडेशन ऑफ रिलोकेटेड इंडस्ट्रीज़, बवाना के कोर्डिनेटर राजीव गोयल ने बताया कि इन नोटिसों का आना अगस्त के पहले सप्ताह से शुरू हो गया है। डीएसआईआईडीसी की तरफ से पांच तरह के नोटिस यहां के फैक्ट्री वालो को भेजे गए हैं। एक ने पूछा गया है कि फैक्ट्री जिस व्यक्ति के नाम आवंटित थी, उसने वह किसी और को बेच दी, ऐसे में क्यों न इस फैक्ट्री की लीज कैंसल कर दी जाए। बाकी के चार प्रकार के नोटिसों में किसी को फैक्ट्री किराए पर देने के लिए किसी को नॉन ऑपरेशनल बिल्डिंग के बदले से जवाब मांगा गया है। राजीव गोयल का कहना है कि असल में बवाना में जिन फैक्ट्रियों की बसाना गया था, उन्हें मलिकाना हक नहीं दिया गया था।

यह फैक्ट्रियां लीज पर दी गई है। दिल्ली के अन्य इंडिस्ट्रियल एरिया में सभी को फ्री होल्ड कर मालिकाना हक दिया गया है। केवल बवाना के साथ यह सौतेला व्यवहार है। मास्टर प्लान 2021 की बात करें तो उसमें कई तरह के प्रावधान सुझाए गए हैं, जिसमें आलेटी किसी के नाम पर फैक्ट्री ट्रांसफर कर सकता है वा बेच सकता है।

नवभारत टाइम्स से साभार

Gagandeep Singh Luthra
+91-9818515827
+91-9313792706

People in Trade Since 1976
EXCHANGE YOUR OLD ROLLERS WITH NEW ROLLERS AND GIVE ONLY COATING CHARGES OF STANDARD SIZE MACHINES

Tejinder Singh Luthra
+91-9810687907
+91-9015205252

ROLLWALA
OUR SPECIALITY: BEST QUALITY & QUICK DELIVERY
Specialist in: Rubberising, P.U. Coating, Copperising, Stainless Steel Coating on Rollers, Riders & Cylinders

Rollwala Industries
Rollwala House, B-85, Sector-4, Bawana Indl. Area, DSIIDC, Delhi-110039

Rollwala Sales Corporation
304, HSIIDC, Barhi Indl. Estate, G.T. Karnal Road, Ganaur Sonepat (Haryana)

E-mail: rollwala@hotmail.com Website : www.rollwala.net

# कम्प्यूटर से जुड़ने वाले विभिन्न प्रिंटर्स

प्रिंटर एक ऑनलाइन आउटपुट डिवाइस है जो कंप्यूटर से प्राप्त जानकारी को कागज पर छापता है कागज पर आउटपुट की यह प्रतिलिपि हार्ड कॉपी कहलाती है कंप्यूटर से जानकारी का आउटपुट बहुत तेजी से मिलता है और प्रिंटर इतनी तेजी से कार्य नहीं कर पाता इसलिये यह आवश्यकता महसूस की गयी कि जानकारियों को प्रिंटर में ही स्टोर किया जा सके इसलिये प्रिंटर में भी एक मेमोरी होती है जहाँ से यह परिणामों को धीरे–धीरे प्रिंट करता हैं।

"प्रिंटर एक ऐसा आउटपुट डिवाइस है जो सॉफ्ट कॉपी को हार्ड कॉपी में परिवर्तित करता हैं।"



### लेजर प्रिंटर

लेजर प्रिंटर नॉन इम्पैक्ट पेज प्रिंटर हैं लेजर प्रिंटर का प्रयोग कंप्यूटर सिस्टम में 1970 के दशक से हो रहा हैं पहले ये प्रयोग किये जाते थे 1980 के दशक में लेजर प्रिंटर का मूल्य लगभग 3000 डॉलर था ये प्रिंटर आजकल अधिक लोकप्रिय हैं क्योकि ये अपेक्षाकृत अधिक तेज और उच्च क्वालिटी में टेक्स्ट और ग्राफिक्स छापने में सक्षम हैं अधिकांश लेजर प्रिंटर में एक अतिरिक्त माइक्रो प्रोसेसर रेम व रोम का प्रयोग किया जाता है यह प्रिंटर भी डॉट्स के द्वारा ही कागज पर प्रिंट करता है परन्तु ये डॉट्स बहुत ही छोटे व पास–पास होने के कारण बहुत स्पष्ट प्रिंट होते है इस प्रिंटर में कार्टरेज का प्रयोग किया जाता है जिसके अंदर सूखी स्याही को भर दिया जाता हैं लेजर प्रिंटर के कार्य करने की विधि मूलरूप से फोटोकॉपी मशीन की तरह होती है लेकिन फोटोकॉपी मशीन में तेज रोशनी का प्रयोग किया जाता है लेजर प्रिंटर 300 से लेकर 600 तक या उससे भी अधिक रेजोलुशन की छपाई करता है रंगीन लेजर प्रिंटर उच्च क्वालिटी का रंगीन आउटपुट देता हैं इसमें विशेष टोनर होता है जिसमे विभिन्न रंगों के कण उपलब्ध रहते हैं यह प्रिंटर बहुत महंगे होते है क्योकि इनके छापने की गति उच्च होती हैं तथा यह प्लास्टिक की शीट या अन्य शीट पर आउटपुट को प्रिंट कर सकते है।

### लेजर प्रिंटर की विशेषताए:

उच्च रेजोलुशन, उच्च प्रिंट गति, बड़ी मात्रा में छपाई के लिए उपयुक्त, कम कीमत प्रति पृष्ट छपाई, लेजर प्रिंटर की कमियां, इंकजेट प्रिंटर से अधिक महगां, टोनर तथा ड्रम का बदलना महगां, इंकजेट प्रिंटर से बड़ा तथा भारी।

### थर्मल ट्रांसफर प्रिंटर

यह एक ऐसी तकनीक है जिसमे कागज पर आधारित रिबन से अक्षर प्रिंट किये जा सकते है इस प्रिंटर के द्वारा किया गया प्रिंट ज्यादा समय के लिए स्थित नहीं रहता अर्थात कुछ समय बाद प्रिंट किया गया Matter पेपर से मिट जाता हैं सामान्यतः इन प्रिंटरो का प्रयोग मशीन में किया जाता हैं।

### फोटो प्रिंटर

फोटो प्रिंटर एक रंगीन प्रिंटर होता है जो फोटो लैब की क्वालिटी फोटो पेपर पर छापते हैं इसका इस्तेमाल डॉक्युमेंट्स की प्रिंटिंग के लिए किया जा सकता है इन प्रिंटरो के पास काफी बड़ी संख्या में नॉजल होते है जो काफी अच्छी क्वालिटी की इमेज के लिए बहुत अच्छे स्याही के बूंद छापता है।

कुछ फोटो प्रिंटर में मीडिया कार्ड रीडर भी होते है ये 4+6 फोटो को सीधे डिजिटल कैमरे के मिडिया कार्ड से बिना किसी कंप्यूटर के प्रिंट कर सकता है ज्यादातर इंकजेट प्रिंटर और उच्च क्षमता वाले लेजर प्रिंटर उच्च क्वालिटी की तस्वीरे प्रिंट करने में सक्षम होते हैं कभी कभी इन प्रिंटरो को फोटो प्रिंटर के रूप में बाजार में लाया जाता है बड़ी संख्या में नॉजल तथा बहुत अच्छे बूंदों के अतिरिक्त इन प्रिंटरो में अतिरिक्त फोटो स्यान हल्का मैजेंटा तथा हल्का काला रंगों में रंगीन कार्टेज होता है ये अतिरिक्त रंगीन कार्टेज को सहायता से अधिक रोचक तथा वास्तविक दिखने जैसा फोटो छापते है इसका परिणाम साधारण इंकजेट तथा लेजर प्रिंटर से बेहतर होता है।

### इंक जेट प्रिंटर

यह है जिसमे एक से कागज पर स्याही की बूंदो की बौछार करके कैरेक्टर व ग्राफिक्स प्रिंट किये जाते है इस प्रिंटर का आउटपुट बहुत स्पष्ट होता है क्योंकि इसमें अक्षर का निर्माण कई डॉट्स से मिलकर होता हैं रंगीन इंकजेट प्रिंटर में स्याही के चार नोजल होते है नीला लाल पीला काला इसलिए इसको प्रिंटर भी कहा जाता हैं तथा ये चारो रंग मिलकर किसी भी रंग को उत्पन्न कर सकते है इसलिए इनका प्रयोग सभी प्रकार के रंगीन प्रिंटर में किया जाता है।

इस प्रिंटर में एक मुख्य समस्या है कि इसके प्रिंट हैड में इंक क्लौगिंग हो जाती है यदि इससे कुछ समय तक प्रिंटिंग ना कि जाये तो। इसके नोजल के मुहाने पर स्याही जम जाती है। जिससे इसके छिद्र बंद हो जाते है। इस समस्या को इंक क्लिोंगिग कहा जाता है। आजकल इस समस्या को हल कर लिया गया है। इसके अलावा इस प्रिंटर की प्रिंटिंग पर यदि नमी आ जाये तो इंक फैल जाती है। इसकी प्रिंटिंग क्वालिटी प्रायः 300 डीपीआई होती हैं।

### पोर्टेबल प्रिंटर

पोर्टेबल प्रिंटर छोटे कम वजन वाले इंकजेट या थर्मल प्रिंटर होते है जो लैपटॉप कंप्यूटर द्वारा यात्रा के दौरान प्रिंट निकलने की अनुमति देते है यह ढोने में आसान इस्तेमाल करने में सहज होते है मगर कांपैक्ट डिज़ाइन की वजह से सामान्य इंकजेट प्रिंटरो के मुकाबले महंगे होते है। इनकी प्रिंटिंग की गति भी सामान्य प्रिंटर से कम होती है कुछ प्रिंट डिजिटल कैमरे से तत्काल फोटो निकालने के लिए इस्तेमाल किये जाते है इसलिए इन्हें पोर्टेबल फोटो प्रिंटर कहा जाता है।

### मल्टीफंक्शनल/ऑल इन वन प्रिंटर

ऐसा प्रिंटर जिसके द्वारा हम किसी को फाइल बंद कर सकते हैं उसे प्रिंट कर सकते है तथा प्रिंट करने के बाद फैक्स भी कर सकते हैं उसे मल्टीफंक्शनल प्रिंटर कहा जाता हैं मल्टीफंक्शनल/ऑल इन वन प्रिंटर को मल्टीफंक्शनल डिवाइस भी कहा जाता है यह एक ऐसी मशीन है जिसके द्वारा कई मशीनों के कार्य जैसे प्रिंटर स्कैनर कॉपीयर तथा फैक्स किये जा सकते है मल्टीफंक्शन प्रिंटर घरेलू कार्यालयों में बहुत लोकप्रिय होता हैं इसमें इंकजेट या लेजर प्रिंट विधि का प्रयोग हो सकता है कुछ मल्टीफंक्शन प्रिंटरो में मीडिया कार्ड रीडर का प्रयोग होता है जो डिजिटल कैमरा से कंप्यूटर के प्रयोग के बगैर सीधे–सीधे इमेज छाप सकता है।




# mediaexpo
## NEW DELHI

Pre-register ONLINE!

**7 – 9 September 2018**
Pragati Maidan, New Delhi

**VISIT**
**the International Exhibition on Indoor & Outdoor Advertising and Signage Solutions**




Supported by
Delhi Printers Association

**Skip the Queues, Get your visitor pass**
@ www.mediaexpo-delhi.com
Call: +91 22 61445962

messe frankfurt